# कूनो को मिल रही अंतरराष्ट्रीय पहचान : सीएम

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 4 दिसम्बर. विश्व चीता दिवस पर कूनो नेशनल पार्क में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कूनो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट चीता सफल हो रहा है. चीतों के पुनर्वास ने कूनो और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन व रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं. सीएम ने वीरा और उसके शावकों की रिलीजिंग को ऐतिहासिक पल बताया और कहा कि यह संरक्षण प्रयासों की बड़ी उपलब्धि है.**

कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता वीरा ने फरवरी 2025 में दो शावकों को जन्म दिया था. आज गुरुवार को करीब नौ माह बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरा और उसके दोनों शावकों को कूनो के पारोंद क्षेत्र के खुले जंगल में रिलीज किया.कार्यक्रम के बाद तीनों चीते सुरक्षित रूप से जंगल में शामिल हो गए. इसके साथ ही खुले जंगल में विचरण करने वाले चीतों की संख्या 16 से बढ़कर 19 हो गई है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिवपुरी के रास्ते से कूनो नेशनल पार्क पहुंचे और चीतों को जंगल में रिलीज किया. रिलीज होते ही चीता ने जंगल की ओर दौड़ लगा दी. सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीरा और उसके दोनों शावकों का खुले जंगल में शामिल होना भारत में चीता पुनर्वास परियोजना की सफलता का मजबूत संकेत है. वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम 24 घंटे निगरानी में लगी है और चीतों के स्वास्थ्य व गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा रही हैं.

### वीरा और उसके दोनों शावकों को कूनो के खुले जंगल में किया रिलीज




#### पुस्तक विमोचन और शॉप का भी किया लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने क्लिनिकल मैनेजमेंट ऑफ फ्री रेंजिंग चीता इन कूनो नेशनल पार्क पुस्तक का विमोचन किया. इसके साथ ही कूनो शोवेनियर शॉप का लोकार्पण और वर्ष 2025 का विशेष कैलेंडर जारी किया गया. सीएम ने कहा कि इस पहल से पर्यटन और संरक्षण दोनों को नई दिशा मिलेगी.

#### कूनो में कुल 19 और गांधी सागर में 3 चीते

वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क में कुल 19 चीते मौजूद हैं, जबकि गांधी सागर अभयारण्य में भी 3 चीते सुरक्षित रूप से विचरण कर रहे हैं. वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चीतों की निगरानी और सुरक्षा के लिए विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं.

#### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई

अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेश जारी कर संरक्षण कार्यों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट चीता भारतीय जैव विविधता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और गर्व की बात है कि अब कई चीते भारत में जन्म ले रहे हैं. प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों से भारत आकर चीतों को करीब से देखने का आग्रह भी किया.




## किसानों को मुआवजे के मामले में विपक्ष ने किया वाकआउट

- प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोंकझोंक
- पहले 3 हजार मिलते थे हम 16 हजार दे रहे : सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 दिसंबर. सदन में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच किसानों को फसल नुकसान पर मिलने वाले मुआवजे को लेकर जमकर नोंकझोंक हुई. इस मामले में जहां सीएम ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान दिये जाने वाली राशि का जिक्र किया, वहीं नेता प्रतिपक्ष ने भी आज की बात करने की नसीहत सत्ता पक्ष को दी.**

इस मामले में सदन में पक्ष-विपक्ष के तेवर तीखे रहे, जब विपक्षी सदस्य सीटों पर खड़े होकर सरकार पर आरोप लगाने लगे और आसंदी के सामने जा पहुंचें तो सत्ता पक्ष के सदस्य भी सीटों पर खड़े होकर जोर-जोर से बोलने लगे, जिससे सदन में शोरगुल की स्थिति बन गई. बाद में विपक्ष ने सरकार पर किसानों को फसलों का मुआवजा नहीं देने का आरोप लगाते हुए वाकआउट कर दिया.

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य बाबू जन्डेल ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी अब तक किसानों के खाते में फसल को हुए नुकसान की मुआवजा राशि नहीं मिलने का आरोप लगाया. इस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि किसानों के खाते में संपूर्ण राशि डाल दी गई है.

> इस पर मुखर होते हुए जन्डेल ने कहा कि प्रति हेक्टेयर 16 हजार रुपये मुआवजा देने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक खाते में राशि नहीं आई है. वहीं मंत्री का कहना था कि मुख्यमंत्री की घोषणा के चार दिन के भीतर किसानों के खाते में राशि डाल दी जाती है. इस पर हस्तक्षेप करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 5 हजार करोड़ रुपये का आकलन किया गया है, लेकिन महज 200 करोड़ रुपये दे रहे हैं, ये तो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है.

## प्रदेश प्रवक्ता ने कमलनाथ से की प्रस्ताव पर चर्चा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 4 दिसम्बर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार को अपने निवास पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रतिनिधि शहरयार खान के साथ बैठक कर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा की. यह प्रस्ताव स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने, विशेषकर छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने को लेकर प्रस्तुत किया गया.**



खान ने अपने प्रस्ताव में युवाओं और महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की योजना का खाका पेश किया.

## भाजपा विधायकों के तीखे सवाल से घिरी सरकार

- कटनी में व्यापारी के घर हुई आगजनी का मामले
- गलत गैर जमानती धाराएं लगाने का लगाया आरोप

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 दिसंबर. सदन में गुरुवार को सरकार एक साथ चार भाजपा विधायकों के सवालों पर घिर गई.**

आखिरकार गृह राज्य मंत्री थाने की स्टाफ के अतिरिक्त उच्च अफसरों से मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया, तब जाकर मामला ठंडा हुआ.

ध्यानाकर्षण के दौरान भाजपा के सदस्य प्रणय प्रभात पांडे, डॉ. अभिलाष पाण्डे और संदीप जायसवाल के अलावा संजय पाठक ने कटनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में व्यापारी के घर हुई आगजनी के संबंध में गैर जमानती गलत धाराएं लगाए जाने का मामला उठाया. उनका कहना था कि नाजिम खान जो कि हथियारों के व्यापारी रहे हैं, 26, 27 अगस्त की दरमियानी रात को उनकी नेम प्लेट जला दी गई थी, जिसमें पुलिस ने नाजायज तरीके से शुभम त्रिपाठी के ऊपर घर जलाने और परिजनों को जलाने की धाराएं लगाई गई, जबकि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि केवल नेम प्लेट जली है. इस मामले में पुलिस ने नाजिम खान के साथ मिलीभगत कर गलत धाराएं लगाई गई और त्रिपाठी को परेशान किया गया. विधायकों का ये भी कहना था कि त्रिपाठी ब्राहमण समाज से आते हैं और उनके दादाजी की समाज में काफी प्रतिष्ठा है, पुलिस की कार्रवाई से ब्राहमण समाज में नाराजगी है. उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की.

> विपक्ष के सुरेन्द्र हनी सिंह बघेल ने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की. इस पर हस्तक्षेप करते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस मामले में जांच के बिंदु दे दें, एक-एक बिंदु की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी. सरकार किसी निर्दोष के खिलाफ नहीं है, लेकिन किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. वहीं गृह राज्य मंत्री ने भी भरोसा दिलाया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी.

### एक नजर में

#### उज्जैन में स्काई डाइविंग का पांचवा संस्करण 12 से

**भोपाल.** पर्यटन, संस्कति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश को प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने के लिये विभिन्न आयोजन एवं गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं. इसी क्रम में मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से उज्जैन में स्काई-डाइविंग के पाँचवे संस्करण का आयोजन 12 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक दताना एयरस्ट्रिप, उज्जैन में किया जाएगा.

#### होमगार्ड्स का स्थापना दिवस 6 को मनेगा

**भोपाल.** प्रदेश में होमगार्ड्स का स्थापना दिवस 6 दिसंबर को समारोह पूर्वकमनाया जाएगा. होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि स्थापना दिवस मुख्य समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होमगार्ड्स परेड ग्राउण्ड जहांगीराबाद में होगा. कार्यक्रम में परेड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी, परेड का निरीक्षण, मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि का उद्बोधन, एसडीईआरएफ तथा सिविल डिफेंस द्वारा आपदा बचाव का डेमोस्ट्रेशन, अदम्य साहसिक कार्य के लिए तथा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा.

## आज से प्रदेश में बढ़ेगी ठिठुरन

ठंडी हवा के चलते कई शहरों गिरेगा तापमान

**भोपाल, 04 दिसंबर. प्रदेश में शुक्रवार को एक पश्मिी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी. खास करके शुक्रवार-शनिवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर,उज्जैन, चंबल संभाग में कोल्ड वेव और शीतलहर चलने के आसार है. इसके अलावा पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते आ रही ठंडी हवा के चलते कई शहरों के न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज हो सकती है.**

मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर के दूसरे हफ्ते से और जनवरी के तीसरे हफ्ते तक प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव की स्थिति बनेगी. अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा. इस दौरान कुछ क्षेत्रों में धुंध छा सकती है.

### 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से भी कम



> **इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा**
>
> भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रहा. भोपाल में 9.2 डिग्री, इंदौर में 8.4 डिग्री, जबलपुर में 10.6 डिग्री, उज्जैन में 12 डिग्री और ग्वालियर में 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा. यहां न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री दर्ज किया गया. शहडोल के कल्याणपुर में 7.1 डिग्री, उमरिया में 8.2, अमरकंटक-शाजापुर में 8.7 दर्ज किया.

## छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस ने आरोपी को दबोचा, छात्राओं को कई दिनों से कर रहा था परेशान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 दिसम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित सरकारी कॉलेज में पढ़ने वाली दो छात्राओं से लगातार छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय सियाराम साहू के रूप में हुई है, जो चितरंगी तहसील बड़गड़ी गांव का रहने वाला है और पहले से शादीशुदा है।**

बताया जा रहा है कि आरोपी रोज अपनी भतीजी को कॉलेज छोड़ने के बहाने बैढ़न आता था और इसी दौरान सड़क पर गुजरने वाली छात्राओं से छेड़छाड़ करता था। यहां बताते चले कि आरोपी लंबे समय से छात्राओं को परेशान कर रहा था और कई बार उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी करता था। पीड़ित छात्राओं ने हिम्मत जुटाकर इस संबंध में पुलिस से शिकायत की। जहां नवभारत ने उक्त खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी की तलाश में जुट गई। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने बताया कि जैसे ही पुलिस के पास शिकायत पहुंची, मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोपी की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं और पूछतांछ में उसने कई छात्राओं को परेशान करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने छात्राओं से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति उनके साथ इस तरह की हरकत करता है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद कॉलेज छात्राओं और उनके परिजनों ने पुलिस प्रशासन और मीडिया का आभार जताया है।





## राज्यपाल पटेल ने क्रांतिसूर्य टंट्या भील को अर्पित की पुष्पाजंलि


**भोपाल, 04 दिसंबर.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय नायक क्रांतिसूर्य टंट्या भील के बलिदान दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित की. उनका पुण्य स्मरण कर नमन किया. राज्यपाल पटेल ने राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जनजातीय नायक को श्रद्धांजलि दी. राजभवन के बेंक्वेट हॉल में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविंद पुरोहित, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

## पुलिस की घेराबंदी में कार से 2.51 लाख के मादक पदार्थ जब्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसंबर, सीधी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2.51 लाख के मादक पदार्थ सहित 8.51 लाख से अधिक का मशरुका जब्त किया है।**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में मझौली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के परिवहन और बिक्री के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में लगभग 8 लाख 51 हजार 691 रुपये कीमती अवैध मादक पदार्थ और उनके परिवहन में उपयोग किए गए वाहन को जब्त किया गया है। यह संपूर्ण कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट/कुसमी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी मझौली उनि विशाल शर्मा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध नशीली कफ सिरप और गांजा लेकर शहडोल तरफ से मझौली आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की लेकिन संदिग्ध कार चालक तीव्र गति से वाहन भगाकर भाग निकला। पीछा करने के बाद कार करमाई के जंगल में लावारिस हालत में छिपाई हुई मिली। कार की विधिवत तलाशी के दौरान उसमें से मादक पदार्थ गांजा 4.965 किलोग्राम कीमत लगभग 2 लाख 48 हजार 250 रुपये, नशीली कफ सिरप 18 शीशी कीमत लगभग 3 हजार 441 रुपये, परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट डिजायर कार जिसका बाजार मूल्य लगभग 6 लाख रुपये जब्त किया गया। कुल जब्त मशरुका का मूल्य 8 लाख 51 हजार 691 रूपये आंका गया है। मौके से आरोपीगण फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने जब्त किए गए मादक पदार्थ और वाहन को विधिवत जब्त कर लिया है। फरार आरोपियों के विरुद्ध थाना मझौली में एनडीपीएस एक्ट और ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी गिरफ्तारी हेतु सघन प्रयास किए जा रहे हैं। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मझौली उनि विशाल शर्मा, उनि पी.एल. टांडिया एवं हमराह स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।




## सरकार पर लगाया फिजूलखर्ची और बढ़ते कर्ज का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 4 दिसंबर. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य को कर्ज में डुबोकर जनता के पैसे को राजनीतिक आयोजनों और यात्राओं पर बर्बाद किया जा रहा है.**

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति कर्ज 60,000 रुपये तक पहुँच चुका है और सरकार हर दिन 165 करोड़ रुपये का नया कर्ज ले रही है, जबकि आम आदमी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है.मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पटवारी ने कहा कि सरकार के भव्य आयोजनों का खर्च भी कर्ज के पैसों से चल रहा है. उन्होंने कहा, 'यह सरकार बड़े-बड़े भाषण देती है, लेकिन सच यह है कि राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए कर्ज लिया जा रहा है. माइक, टेंट और भीड़—ड्डयद्य कर्ज के पैसों से जुटाई जा रही है. मुख्यमंत्री रोजाना इवेंट करते हैं, पर जनता की हालत देखने का समय नहीं है. 'मुख्यमंत्री की हालिया विदेश यात्राओं का जिक्र करते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि तीन यात्राओं पर 34 करोड़ रुपये खर्च किए गए, यानी लगभग 3 करोड़ रुपये प्रतिदिन. उन्होंने पूछा, 'ऐसा कैसा प्रदेश बना रहे हैं जहां किसान फसल के दाम के लिए परेशान हैं और सरकार विदेश घूमने के लिए कर्ज ले रही है? भाजपा सरकार हेलीकॉप्टर उड़ाने पर रोज 25 लाख रुपये खर्च करती है, यह राजनीतिक ऐय्याशी नहीं तो क्या है?'

**बदलाव** भोपाल मंडल पर नई समय-सारणी के अनुसार ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन

## 1 जनवरी 2025 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू

**भोपाल, 04 दिसंबर. रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है. भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है.**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के अनुसार 01 जनवरी से लागू नई समय-सारणी अनुसार स्टेशनों पर गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में परिवर्तन एवं मंडल में अधिकांश गाड़ियों की औसत गति बढ़ने से समय की बचत होगी.

**ट्रेनों का गन्तव्य स्टेशन पर पहुँचने का परिवर्तित समय:** 1.गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08.00 बजे की बजाय 07.55 बजे पहुंचेगी . गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 12.30 बजे की बजाय 13.15 बजे पहुंचेगी . गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना, बीना 19.05 बजे की बजाय 20.00 बजे पहुंचेगी . गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 17.18 बजे की बजाय 17.00 बजे पहुंचेगी .



### ट्रेनों के नंबर में परिवर्तन

इटारसी होकर संचालित गाड़ी संख्या 12149 / 12150 पुणे-सुपौल-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 04.12.2025 से नई परिवर्तित गाड़ी संख्या 11401/11402 के रूप में संचालित है।

### स्टेशन से प्रस्थान होने वाली ट्रेनों का परिवर्तित समय

1. गाड़ी संख्या 22145 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस, भोपाल से 23.05 बजे की बजाय 23.00 बजे प्रस्थान करेगी .
2. गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल से 17.00 बजे की बजाय 17.10 बजे प्रस्थान करेगी
3. गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.55 बजे की बजाय 16.40 बजे प्रस्थान करेगी .
4. गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 22.00 बजे की बजाय 21.55 बजे प्रस्थान करेगी
5. गाड़ी संख्या 12197 भोपाल ग्वालियर एक्सप्रेस, भोपाल से 15.15 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी .
6. गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.35 बजे की बजाय 16.30 बजे प्रस्थान करेगी .
7. गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 15.50 बजे की बजाय 15.40 बजे प्रस्थान करेगी .

### महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक

**भोपाल.** प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है. विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा प्रदेश में एक माह तक %कॉलेज चलो अभियान% चलाया जाएगा. इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे.


**कार्यालय नगर परिषद् डोला, जिला-अनूपपुर (म.प्र)**
cmodola@mpurban.gov.in

क्र 1381 / न0परि0 / 2025 डोला, दिनांक 04/12/2025

**निविदा सूचना**

नगर परिषद् डोला द्वारा निकाय के शासकीय पोर्टल (GEM) पर Solar Street Lighting System(NTPC) (Q3) GEM / 2025/B/6962574 के लिए बिड क्रमांक जारी किया जाना है। जिसका समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु एक दिवसीय आदेश प्रदान किया जाता है। जिसकी जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र0 | निविदा | बिड क्रमांक | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभतिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Solar Street Lighting System(NTPC) (Q3) | GEM / 2025/B/6962574 04/12/2025 | 04/12/2025 | 29/12/2025 20:00:00 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डोला ,जिला-अनूपपुर म0प्र0

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूलवस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पूरन कुशवाहा (Pooran kushwaha)लिख गया है. जो कि गलत है.जबकि मेरा वास्तविक, सही नाम पूरन कुशवाहा (Puran kushwaha ) है. मेरे आधार कार्ड व अन्य सरकारी रिकॉर्ड मे उक्त नाम लिखा है. आज प्रकाशित दिनांक 5 दिसंबर 2025 से सभी जगह, शासकीय रिकॉर्ड में पूरन कुशवाहा (Puran kushwaha)के नाम से लिखा पढ़ा हुआ जाना जावे. जो सही और सत्य है जो सर्वमान्य है.

**पता -गिरिजा प्रसाद कुशवाहा, नदीपार , सोनवारी तहसील मैहर, जिला मैहर (मध्य प्रदेश) 4857771**